## खबर संक्षेप

### आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा नगर गौरव दिवस

**कटनी।** मप्र शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण प्रदेश में नगर गौरव दिवस मनाये जाने के निर्देशो के पालन में 6 जुलाई सन 1874 को हमारे नगर की स्थापना मुड़वारा नगरपालिका के रूप में हुई थी, जिसे हमने नगर गौरव दिवस के रूप में मनाना शुरू किया हैं, उसी तारतम्य में कल दिनांक 6 जुलाई 2024 को नगर गौरव दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण सुरम्य पार्क में सायंकाल 3 बजे से तथा साय 4 बजे से बस स्टैंड ऑडिटोरियम में सरस्वती वंदना, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकम जैसे एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, निगम द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रतिभावन छात्र-छात्राओं का सम्मान आदि कार्यक्रम किए जा रहे हैं। महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा सभी नागरिकों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### बचौया के लेखापाल तत्काल प्रभाव से निलंबित

**कटनी।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग जबलपुर प्राचीश जैन द्वारा ए.एल.राय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बचौया के लेखापाल रामसुजान पटेल के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत पुलिस थाना बहोरीबंद में अपराध पंजीबद्ध होने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण द्वारा यह कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी कटनी द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर की गई है। प्रेषित प्रस्ताव मे लेखापाल रामसुजान पटेल कटनी के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 1860 अंतर्गत धारा 354, 354 (क) तथा 509 के तहत पुलिस थाना बहोरीबंद में 19 जून को अपराध पंजीबद्ध होनें तथा गठित तीन सदस्यीय जांच दल द्वारा शाला निरीक्षण के दौरान रामसुजान पटेल के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध हाने के कारण विभाग की छवि धूमिल हाने व विद्यालय का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं होनें प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। निलंबन अवधि मे श्री पटेल का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी नियत किया गया है। श्री पटेल को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### जिले में कुल 108.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून 2024 से शुक्रवार 5 जुलाई 2024 की प्रातः तक कुल 108.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में कुल 231.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार वर्ष 2024 में अब तक कुल 122.7 मिलीमीटर कम वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से शुक्रवार 5 जुलाई 2024 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी मे 101.4 मिलीमीटर, रीठी में 103.2, बड़वारा में 77.0 मिलीमीटर, बरही में 97.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 89.6 मिमी, बहोरीबंद मे 114.9 मिमी स्लीमनाबाद में 133.4 मिलीमीटर, ढीमरखेड़ा 151.2 मिलीमीटर वर्षा वर्षामापी केन्द्र में दर्ज की गई है।

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**कटनी।** शासकीय प्राथमिक शाला गड़ा के सहायक शिक्षक रामकिशोर त्रिपाठी के सेवानिवृत होने पर साथियों ने कार्यक्रम कर भावपूर्ण विदाई दी। इस समारोह मैं विद्यालय संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में सिद्ध पीठ पूर्व मुखी हनुमान मंदिर माधव नगर कटनी के मुख्य पुजारी भी उपस्थित रहे। नरेश प्रसाद त्रिपाठी रमाशंकर तिवारी डॉक्टर प्रभात त्रिपाठी दीपक सुधीश त्रिपाठी विनम्र तिवारी शशांक मिश्रा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

---

संयुक्त टीम ने शहर का भ्रमण कर दी गई समझाइश, कार्यवाही की चेतावनी

# नगर में सुगम यातायात व अस्थायी अतिक्रमण हटाने की रस्मी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर में अस्थायी अतिक्रमण, पार्किंग एवं जाम की समस्या सालों से चली आ रही है लेकिन इस समस्या को खत्म करने के लिए आज तक कोई ठोस योजना नहीं बनी और न ही सख्त कार्यवाही ही की जा रही जिससे इस परेशानी से निजात मिल सके। ऐसा नहीं है कि इस समस्या से जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी वाकिफ नहीं है लेकिन सुधार के लिए किसी के पास समय नहीं है। हां कभी कभार दिखावे के लिए सड़क पर अमला ऐसा उतरता है जैसे आज के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। हालांकि अधिकारियों की कार्यशैली से फुटपाथी दुकानदार, स्थायी दुकानदार भली भांति परिचित है। सबको मालूम है कि होना कुछ नहीं, दिखावा करके ये अमला वापस लौटने वाला नहीं है इसलिए कुछ क्षणों के लिए सड़क में फैली सामग्री समेट ली जाती है जैसी ही कर्मचारियों की फौज आगे बढ़ी वैसे ही स्थिति जस की तस। इसके बाद इस ओर देखने वाला कोई नहीं।



### पूरे शहर में फैली है अव्यवस्था

शुक्रवार को यातायात, कोतवाली एवं नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम दिया गया। शहर की अव्यवस्था को लेकर यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं कोतवाली थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने कहा कि कटनी शहर में मुख्यतः आवाजाही में परेशानी इसलिए उत्पन्न होती है, क्योंकि यहां पर सड़क में बीचो-बीच लोग अवस्थित रूप से वाहन पार्क कर देते हैं। दूसरी तरफ दुकानों के बाहर दुकानदार अपना सामान सड़क पर लगा लेते हैं, जिससे चलने के लिए बहुत कम जगह बचती है। दुकानदारों एवं वाहन चालकों को कई बार समझाया जा चुका है कि इस तरह की अव्यवस्था पैदा करके आवागमन को बाधित न करें। लेकिन उनके द्वारा इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिस समय कार्यवाही होती है उस दौरान तो दुकानदार अपनी दुकानों का सामान अंदर रख लेते हैं और वाहनों को व्यवस्थित खड़ा कर दिया जाता है, लेकिन कार्यवाही होने के उपरांत फिर से अव्यवस्था दुकानदार फैला देते हैं। जिसका खामियाजा आम जनों को भोगना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम एवं कोतवाली पुलिस और यातायात विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से बाजार में फैली अव्यवस्था को दूर करने के लिए कार्यवाही की गई है। दुकानदारों को एक बार फिर से समझाने का प्रयास किया गया है कि वे अव्यवस्था उत्पन्न ना करें। अगर इसके बावजूद दुकानदार दुकानों के बाहर सामान फैला कर रखते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---



# कड़ा परिश्रम और समय का सदुपयोग करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में तीन दिनों तक चले दीक्षारम्भ कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और अकादमिक उत्थान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सिद्धार्थ राय ने छात्रों को अनुशासन में रहते हुए आगे की पढ़ाई करने के लिए कहा। छात्रों को कड़ा परिश्रम व समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को संसाधनों के कुशल उपयोग के साथ अपने कैरियर के लिए लक्ष्य का निर्धारण कर उस दिशा में आगे बढ़ना है। छात्र जीवन की तुलना पौधों से करते हुए उदाहरण पेश किया। इसके अलावा थाना प्रभारी ने 1 जुलाई से लागू हुए नए कानून को लेकर भी छात्रों को जानकारी दी। महिला संबंधी अपराध और हेल्पलाइन नंबर को लेकर भी जानकारी दिया।उन्होंने कहा कि समस्या होने पर शासन द्वारा जारी किए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें और अपनी सही समस्याओं को बताए।

प्राचार्य ड़ॉ आरती धुर्वे ने छात्रों को महाविद्यालय से शासन स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं और योजनाओं की जानकारी दिया।उन्होंने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए विद्यार्थियों को नए वातावरण में समायोजित करना और सहज महसूस करवाना रहा।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार सहायक प्राध्यापक ड़ॉ दीपिका जैन के द्वारा किया गया।

---

आकांक्षी विकासखंड रीठी में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

# नीति आयोग के अधिकारी ने कार्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आकाक्षी ब्लाक कार्यक्रम अंतर्गत आंकाक्षी विकासखण्ड रीठी में कलेक्टर अविप्रसाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत की मौजूदगी में भारत सरकार के नीति आयोग के नोडल अधिकारी सीमा एंटिल द्वारा संपूर्णता अभियान का शुभारंभ शुक्रवार 05 जुलाई 2024 को जनपद पंचायत रीठी के मंगलभवन में किया गया। संपूर्णता अभियान की अवधि 04 जुलाई 2024 से 30 सितम्वर 2024 तक नीति आयोग द्वारा आकाक्षी ब्लाक से संबंधित 6 संकेतकों को संतृप्त करने हेतु चयनित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ नीति आयोग की अधिकारी द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित संकेतकों के लक्ष्यो को समय-सीमा में प्राप्त करने हेतु रणनीति से सभी को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में संकेतको के लक्ष्यों की प्राप्ती हेतु सभी को शपथ दिलाई गई एवं विभागों के द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मंचासीन अतिथियो के द्वारा किया गया। नीति आयोग के अधिकारी द्वारा अंगनवाडी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रीठी, कृषि विभाग कार्यालय रीठी, आरोग्य केन्द्र देवरीकला का निरीक्षण किया जाकर संबंधितों से संवाद किया।

संपूर्णता अभियान की अवधि के दौरान चयनित 6 संकेतक जैसे पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्ण देखभाल के लिये पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रुप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओ का प्रतिशत, ब्लाक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच व उच्च रक्तचाप की जांच, मृदा नमूना लक्ष्य की तुलना में तैयार किये गये मृदा स्वास्थ कार्डो का प्रतिशत, एसएचजी का प्रतिशत जिन्हे परक्रमी निधि प्राप्त हुई है की शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति 30 सितम्वर 2024 तक संपूर्णता अभियान अंतर्गत की जानी है।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी के अध्यक्ष अर्पित अनुरोध अवस्थी, उपाध्यक्ष प्रकाश साहू जनपद सदस्य संतोष माझी, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी चन्दुलाल पनिका, बीएमओ मृगेन्द्र श्रीवास्तव, सीडीपीओ गीता कोरी, एपीओ भागीरथ पटेल, विकासखण्ड समन्वयक नीरज जैन सहित जनप्रतिनिघिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता,स्वसहायता समूहो की बहने, ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

---

## महापौर ने निर्माणाधीन काम्प्लेक्स का किया निरीक्षण



नगर पालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी के सदप्रयासों से विकास की एक और श्रृंखला में शहरवासियों को झिंझरी में कलेक्ट्रेट के सामने सर्वसुविधायुक्त काम्प्लेक्स की सौगात दी जा रही है। महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने निर्माणाधीन काम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने मौजूद अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर और गुणवत्ता पूर्वक संपन्न करने के निर्देश दिए। निरीक्षण करते हुए महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि इसी तरह चौपाटी में भी दुकानें बनाकर उक्त स्थल का सौंदरीकरण नगर निगम के द्वारा कराया जा रहा है शहर में दो और परिसर बनाने का प्रस्ताव बनवाया जा रहा है। शहर की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए विकास की योजना तैयार की जा रही है। इस दौरान एमआईसी सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, शशिकांत तिवारी, पार्षद शकुंतला सोनी, कार्यपालन यंत्री के पी शर्मा, सहा यंत्री सुनील सिंह, उपयंत्री संजय मिश्रा की उपस्थिति रही।

---

# नल जल योजनाओं में हो रही धांधली पर उठाया सवाल, जांच का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने शुक्रवार को विधानसभा में नल जल योजना में हो रही धांधली पर सवाल उठाते हुए कहा कि ग्राम पंचायत को सौंपी गई योजनाएं अपूर्ण हैं। संसदीय कार्य मंत्री से उन्होंने मांग की है कि है कि योजनाओं में धांधली रोकने के लिए जिले के कलेक्टर को कार्रवाई करने का अधिकार दिया जाए। विधायक श्री पाठक विजय राघवगढ़ के खलवारा और परसवाड़ा ग्राम पंचायत को सौंप गई योजनाओं पर सवाल उठा रहे थे। जवाब में संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भोपाल से जांच अधिकारी को भेजने का आश्वासन दिया। विधायक संजय पाठक ने कहा कि ने कहा कि 75 वर्षों के इतिहास की यह सबसे बड़ी योजना है। प्रधानमंत्री का सपना है कि हर घर में नालों के जरिए पानी पहुंचाया जाए। सपने को साकार करने के लिए इसको ईमानदारी से लागू किया जाए योजना को लागू करने के लिए शीर्ष स्तर के अधिकारी को भेज कर जांच करानी चाहिए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने पूरे प्रदेश की योजनाओं पर जांच के लिए शीर्ष स्तर के अधिकारी को भेजने का आश्वासन दिया।

विधायक संजय पाठक ने कहा कि विधानसभा के छूटे हुए ग्राम पंचायत को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने खलवारा एवं परसवाड़ा पंचायत में पीएचई के अंतर्गत स्वीकृत एकल ग्राम नल जल योजना में मिली गलत जानकारी पर सदन के पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि जो भी जानकारी मिली है वह सत्यता सत्य से परे है। जवाब में योजना को पूर्ण बताया गया है जबकि सारी योजना अपूर्ण है। कहीं पर भी पाइपलाइन पूरी तरह से बिछाई नहीं गई है, टंकी का निर्माण नहीं है, नल का अता-पता नहीं है।

अपूर्ण योजना को पूर्ण बताकर ग्राम पंचायत को सौंप दिया गया है। मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए जिससे सही जानकारी मिले। इस सवाल के जवाब में मंत्री ने भोपाल से उच्च अधिकारी भेजने का आश्वासन दिया।

---

कलेक्टर ने आदेश का पालन करने दिये दिशा निर्देश

# शासकीय पट्टे की भूमि के नामांतरण करते समय कलेक्टर की अनुज्ञा जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने मध्यप्रदेश भू -राजस्व संहिता की धारा 12 मे प्रदत्त शक्तियों के तहत शुक्रवार को एक आदेश जारी कर कटनी जिला अंतर्गत समस्त अधीनस्थ राजस्व अधिकारियों को नामांतरण संबंधी प्रकरणों का निराकरण करते समय शासकीय पट्टे की भूमि के विक्रय के पूर्व कलेक्टर की अनुज्ञा के आज्ञापक प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

### पट्टे की भूमि बिना अनुज्ञा के अवैधानिक

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिले के अंतर्गत ऐसे कतिपय प्रकरणों के संज्ञान में आने के बाद यह आदेश जारी किया है। जिसमें ऐसी भूमि जो पूर्व मे शासकीय भूमि रही है एवं कालांतर मे शासकीय पट्टे पर आवंटित की गई, ऐसी पट्टे की भूमि का विक्रय बिना कलेक्टर की अनुज्ञा के किया गया व राजस्व अधिकारियों द्वारा नामांतरण भी स्वीकृत कर दिया गया। जो नियम विरुद्ध और अवैधानिक है।

### ये करना है जरूरी

इस संबंध मे कलेक्टर श्री प्रसाद ने म०प्र० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) के प्रावधान का उल्लेख करते हुए राजस्व अधिकारियों को अवगत कराया है, कि ष्उपधारा (1) मे अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी (कोई भी ऐसा व्यक्ति, जो कोई भूमि राज्य सरकार से धारण करता है या कोई भी ऐसा व्यक्ति, जो धारा 158 की उपधारा (3) के अधीन भूमिस्वामी अधिकार मे भूमि धारण करता है) अथवा जिसे कोई भूमि सरकारी पट्टादार के रूप मे दखल मे रखने का अधिकार राज्य सरकार या कलेक्टर द्वारा दिया जाता है और जो तत्पश्चात ऐसी भूमि का भूमिस्वामी बन जाता है, ऐसी भूमि का अंतरण कलेक्टर की पद श्रेणी से अनिम्न पद श्रेणी के किसी राजस्व अधिकारी की अनुज्ञा, जो लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से दी जाएगी, के बिना नही करेगा।

इसलिए म०प्र० भू राजस्व संहिता की धारा 12 मे प्रदत्त शक्तियों के तहत कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा आदेश जारी किया गया है, कि कटनी जिला अंतर्गत समस्त अधीनस्थ राजस्व अधिकारी नामांतरण संबंधी प्रकरणों का निराकरण करते समय शासकीय पट्टे की भूमि के विक्रय के पूर्व कलेक्टर की अनुज्ञा के आज्ञापक प्रावधान का अनुपालन सुनिश्चित करेगें। यदि किसी प्रकरण मे शासकीय पट्टे की भूमि के अंतरण के विषय में भू-राजस्व संहिता के उपरोक्त वर्णित प्रावधान का उल्लघंन राजस्व अधिकारी के संज्ञान में आता है तो तत्काल प्रकरण मे वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित हो।

---

जिले भर में बेवकास्ट से किया गया कार्यक्रम का प्रसारण

# 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के खाते में 65 करोड़ रूपये अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को कटनी जिले के 5 लाख 47 हजार 810 हितग्राहियों को 65 करोड 69 लाख 10 हजार 585 रूपये की सौगात दी। मुख्यमंत्री नें जिला टीकमगढ़ के ग्राम छिपरी म आयोजित "लाड़ली बहना योजना के 14 वी किस्त अंतरण के राज्य स्तरीय समारोह किश्त के अंतरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से कटनी जिले के माह जुलाई, 2024 की राशि मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत 2024-25 की प्रथम किश्त, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाड़ली बहना के हितग्राहियों को माह मार्च 2024 के लिए देय गैस रिफिल अनुदान राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को माह जून, 2024 की किश्त का सिंगल क्लिक से अंतरण" किया गया। जिलेभर मे कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट के माध्यम से किया गया।



जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर के वीडियो कान्फ्रेंसिग कक्ष में कलेक्टर अवि प्रसाद की उपस्थिति में योजनाओं से संबंधित 50 हितग्राही व संबंधित विभाग प्रमुख और जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह उपस्थिती में किया गया। हितग्राहयों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। इस मौके पर सहायक संचालक महिला सशक्तिकरण वनश्री कुर्वेती और परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक और हितग्राहीगण मौजूद रहे।

उक्त कार्यक्रम अंतर्गत "लाड़ली बहना योजना की माह जुलाई, 2024 का कुल 2 लाख 46 हजार 463 हितग्राहियों को कुल 30 करोड रूपये की राशि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत कुल 1 लाख 46 हजार 182 हितग्राहियों को 29 करोड 23 लाख 64 हजार रूपये की राशि, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के एलपीजी गैस कनेक्शन धारी उपभोक्ताओं तथा गैर पीएम उज्जवला योजना श्रेणी में लाड़ली बहना के हितग्राहियों को माह मार्च 2024 के लिए देय गैस रिफिल अन्तर्गत 53 हजार 703 हितग्राहियों को 36 लाख 66 हजार 35 रूपये की अनुदान राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को माह जून, 2024 1 लाख 1हजार 462 हितग्राहियों को 6 करोड़ 8 लाख 77 हजार 200 रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित किया गया।

---

# लापता हुए बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

घर से अचानक लापता हुए बालक को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही घंटों में दस्तयाब कर लिया और परिजनों के सुपुर्द किया। मामला माधवनगर थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि 5 जुलाई को सारंस विश्वकर्मा, 04 वर्ष, अपने दादी के पीछे-पीछे बड़े पिता के घर जाने के लिए निकला, लेकिन राधाकृष्णन मार्ट के पास भीड़ वाले स्थान पर चला गया।

### बच्चे को थाना लेकर आए

स्थानीय लोगों ने बच्चे को अकेले घुमते देखा और जानकारी न मिल पाने पर बच्चे को थाना लेकर आए। थाना माधवनगर के स्टाफ ने बच्चे को प्यार से पूछताछ की और आसपास के इलाकों इन्द्राज्योति कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, नेपाली मोहल्ला और मेन मार्केट में परिजनों की तलाश शुरू की। सघन जांच के बाद बच्चे के परिजन का पता इन्द्राज्योति कॉलोनी में चला।

### बच्चे को पाकर हुई खुशी

परिजनों को सूचना देने पर मुरतलाल विश्वकर्मा अपने दूसरे नाति अंकुश विश्वकर्मा के साथ थाना पहुंचे और सारंस को पहचान लिया। बच्चे ने भी अपने दादा को पहचान लिया, जिससे उनके चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। कार्रवाई में सउनि शशिभूषण, प्रआर० शोभनाथ, आर० लोकेन्द्र, गौरव, और भानु की सराहनीय भूमिका रही। उनकी त्वरित कार्रवाई से बच्चे को उसके परिजनों से मिलाया गया, जिससे परिजन राहत की सांस ले सके और खुशी में झूम उठे।

## खबर संक्षेप

### नदी के तेज बहाव में बह गई बालिका, मौत

**कटनी।** बरही तहसील क्षेत्र अंतर्गत सलैया सिहोरा में उफनाती हलफल नदी में 8 वर्षीय बच्ची मोनिका सिंह की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई। सूत्रों के अनुसार सलैया सिहोरा निवासी नरेन्द्र सिंह पिता स्वर्गीय रतन सिंह की पुत्री गत दोपहर भारी बरसात के बाद उफनती हुई नदी को देखने बरेला पार जा रही थी। इसी दौरान नदी के तेज बहाव में वह फिसल गई और उफनती नदी में बहकर ताली पहुंच गयी। जहां पर ताली नदी में पुल के पास मोनिका के तैर रहे शव को बरामद किया गया। घटना की सूचना पर बरही खितौली की पुलिस एवं तहसीलदार बरही की टीआई शैलेन्द्र सिंह यादव, चौंकी प्रभारी के के पटेल पहुंचे। उफनती नदी में बच्ची के डूबने से क्षेत्र में खलबली मच गई।

### छात्रों की प्रवेश सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया निर्णय

**कटनी।** देवरी मवई हाईस्कूल में छात्रों की प्रवेश प्रकिया संबंधी प्राप्त शिकायत को कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह से उक्त संबंध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रकरण के संबंध में प्रतिवेदित किया कि शासकीय हाईस्कूल देवरी मवई के प्रभारी प्राचार्य 18 जून से चिकित्सा अवकाश पर है। प्रवेश प्रक्रिया को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालयीन आदेश 1 जुलाई 2024 के माध्यम से उक्त विद्यालय मे पदस्थ माध्यमिक शिक्षक दीपक कुमार पारधी को विद्यालय का प्रशासकीय प्रभार तथा अशोक झारिया विकासखंड शिक्षा अधिकारी को वित्तीय प्रभार सौपा गया है। माध्यमिक शिक्षक दीपक कुमार पारधी द्वारा प्रभारी प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण करते हुए प्रवेश प्रकिया प्रारंभ करा दी गई है।

### कॉल बिफोर यू डिंग के उपयोग की समीक्षा बैठक 8 जुलाई को

**कटनी।** कॉल बिफोर यू डिंग के संबंध मे प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु जिला स्तरीय दूरसंचार समिति की बैठक सोमवार 8 जुलाई को टी.एल बैठक उपरांत कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों सहित दूरसंचार विभाग भारत सरकार के जिला प्रतिनिधि से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा कॉल बिफोर यू डिग एप्लिकेशन विकसित किया गया है। जिसका उद्देश्य किसी खुदाई गतिविधि के दौरान ओएफसी अथवा बिजली की केबल, पानी अथवा गैस पाईप लाइन जैसी भूमिगत अवसंरचनाओं को होने वाले नुकसान से रोकना है। उत्खनन कार्यों में कॉल बिफोर यू डिंग के अधिकतम उपयोग हेतु जिला स्तरीय दूरसंचार समिति कॉल बिफोर यू डिंग द्वारा नियमित समीक्षा किये जाने का लेख किया गया है। समिति की समीक्षा बैठकों में दूरसंचार/आरओ डब्लयू से संबंधित अन्य मुद्दों के साथ-साथ कॉल बिफोर यू डिंग के उपयोग से संबंधित एजेण्डा बिन्दु को भी शामिल कर सुझाव दिया जायेगा।

### 8 सदस्यीय दूरसंचार समिति का पुनर्गठन

**कटनी।** राज्य शासन एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पत्र के अनुपालन में दूरसंचार अवसंरचना की स्थापना को सुगम बनाने हेतु दिये गए दिशा निर्देशों एवं कंडिका अनुसार अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा एक आदेश जारी करते हुए जिला स्तरीय दूरसंचार समिति का पुर्नठन किया है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिला स्तरीय दूरसंचार समिति के अध्यक्ष कलेक्टर अवि प्रसाद होंगे। समिति में 8 सदस्यों के रूप में एसपी अभिजीत कुमार रंजन, जिपं सीईओ शिशिर गेमावत, नगर निगम आयुक्त विनोद शुक्ल, अधीक्षण यंत्री राम पांडे, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग श्रीमती शारदा सिंह, उप निर्देशक नगर एवं ग्राम योजना विपुल माहुले, महाप्रबंधक पीएमजीएसवाई उमेश साहू और मुख्य कार्यपालन अधिकारी केडीए दीपक वैद्य को नियुक्त किया है।

## जुहला स्थित खनिज एवं वन विभाग के जांच नाके में बनी विवाद की स्थिति

# अभद्रता से ट्रक चालकों में भड़का आक्रोश सड़क पर वाहन खड़े कर किया चकाजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जुहला स्थित खनिज एवं वन विभाग के जांच नाके में शुक्रवार की सुबह 6 बजे उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब नाके में मौजूद एक प्राइवेट कर्मचारियों ने ट्रक चालक से अभद्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए अपशब्द कह दिए। नाका कर्मचारियों के द्वारा ट्रक चालक से अभद्रता किए जाने के कारण देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप धारण कर लिया और वहां से गुजर रहे ट्रक चालकों ने ट्रक को सड़क पर आड़ा खड़ा करके चक्का जाम कर दिया।

कटनी शहडोल मार्ग पर जूहला में ट्रक चालकों द्वारा चक्का जाम किए जाने के कारण लगभग साढ़े 3 घंटे तक मार्ग का आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध रहा। आवागमन बाधित हो जाने की सूचना मिलने पर यातायात सुरक्षा चौकी जुहला और एनकेजे थाने का बाल घटना स्थल पर जा पहुंचा और काफी मशक्कत और मान मनौअल करने के बाद किसी तरह जाम खुलवाया जा सका और आवागमन फिर से शुरू हुआ।



### अभद्रता से भड़का आक्रोश

सड़क पर ट्रकों को खड़ा करके प्रदर्शन कर रहे ट्रक चालकों ने जानकारी देते हुए कहा कि सुबह लगभग 6 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 04 व 6385 का चालक उमरिया निवासी राजकुमार रैदास ट्रक लेकर नाके के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान नाके में मौजूद ऋषि राज तिवारी नामक प्राइवेट कर्मचारियों ने ट्रक को रोक लिया और अभद्रता करनी शुरू कर दी। नाके मैं मौजूद कर्मचारियों के द्वारा अभद्रता किए जाने के कारण अन्य ट्रक चालक भी भड़क गए और उन्होंने एक बड़े बलकर को सड़क पर आड़ा खड़ा करते हुए आवागमन पूरी तरीके से बंद कर दिया।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

जानकारी अनुसार सुबह 6 बजे विवाद के बाद ट्रक चालकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए सड़क जाम कर दिया। लगभग साढ़े 3 घंटे तक मार्ग बंद रहा। घटना की सूचना मिलने के बाद जुहला यातायात सुरक्षा चौकी एवं एनकेजे थाने का स्टाफ घटना स्थल पर पहुंचा और किसी तरह ट्रक चालकों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया।

### अवैध वसूली के आरोप

जानकारी देते हुए ट्रक चालकों ने कहा कि कटनी में मौजूद सभी वन नाकों पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली की जाती है। उन्हें कार्यवाही की धौंस दिखाकर नाजायज रूपयों की मांग की जाती है। रुपए न देने की स्थिति में अभद्रता की जाती है, साथ ही ट्रक को खड़ा कराकर कार्यवाही करने की धमकी देते हैं। ट्रक चालकों द्वारा अभद्रता के बाद सड़क जाम कर देने के मामले में जब हमने वन विभाग के अधिकारियों से बात करनी चाहिए तो अधिकारियों के फोन तक नहीं उठे।

### नाकों की जांच की रही चर्चाएं

वन विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे खनिज एवं वन उपज जांच नाके वैध हैं या नहीं इसकी जांच आवश्यक रूप से होनी चाहिए। यहां पर जांच के नाम पर हर समय अवैध रुपए वसूले जाते हैं। इन नाकों में हो रही अवैध वसूली की चर्चाएं आए दिन सामने आती रहती है।

# लर्निंग लाइसेंस हेतु 13 कॉलेजों में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा जिले के 13 महाविद्यालयों में लर्निंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी विमलेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लर्निंग लाइसेंस हेतु आयोजित किये जा रहे कैम्प के तहत 9 जुलाई 2024 को शासकीय तिलक महाविद्यालय, 11 जुलाई को शासकीय कन्या महाविद्यालय में कैंप आयोजित किया जायेगा। इसी तहत 15 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ तथा 18 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय बरही में लर्निंग लायसेंस हेतु कैंम्प आयोाजित किया जायेगा।

जबकि 22 जुलाई को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे तथा 24 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में कैंप आयोजित होगा। इसी प्रकार 26 जुलाई को वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में तथा 31 जुलाई को शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा, 1 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय सिलौड़ी, 5 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय उमरियापान, 7 अगस्त को शासकीय महाविद्यालय रीठी, 9 अगस्त को शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी और 12 अगस्त 2024 को आई टीआई कॉलेज कटनी में लर्निंग लायसेंस हेतु शिविर आयोजित किया जायेगा।

### रीजनल इंडस्ट्रीज़ कॉन्क्लेव का आयोजन 20 को

**कटनी।** मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन उद्योग नीति और निवेश संवर्धन विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीजनल इंडस्ट्रीज़ कॉन्क्लेव का आयोजन शनिवार 20 जुलाई को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर में सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा।रजिस्ट्रेशन और अधिक जानकारी के लिए दिए गये लिंक पर जानकारी दी जा सकती है।

**कलेक्टर ने आदेश किया पारित, एसडीएम ने किया था नामांतरण**

# नियम विरूद्ध तरीके से हुए नामांतरण को किया स्थगित, शासकीय मद में होगी दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन से पट्टे पर कृषि कार्य हेतु प्राप्त रीठी तहसील के ग्राम धरमपुरा स्थित दो खसरा नंबरों की शासकीय तौर पर दर्ज अलग – अलग दो भूखंडों के खरीद-फरोख्त के बाद नामांतरण के प्रकरण को कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्व- प्रेरणा से पुनरीक्षण मे लेकर कटनी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप मिश्रा द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से किये गये भूमि के नामांतरण आदेश को स्थगित कर दिया है। साथ ही कलेक्टर ने मध्यप्रदेश शासन के नाम भूमि को शासकीय दर्ज किये जाने का अंतरिम आदेश पारित किया है।

कलेक्टर ने सभी तथ्यों का सूक्ष्म अवलोकन कर बिना सक्षम अनुमति के भूमि विक्रय कर भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर ग्राम धरमपुरा के खसरा नंबर 136 रकवा 0.37 हेक्टेयर और खसरा नंबर 137 रकवा 0.40 हेक्टेयर भूमि को राजस्व अभिलेख मे शासकीय पट्टेदार के रूप मे दर्ज इस भूमि के अनुविभागीय अधिकारी कटनी द्वारा किये गये नामांतरण आदेश को कलेक्टर ने स्थगित करते हुए इस भूमि को मध्यप्रदेश शासन के नाम शासकीय दर्ज किये जाने का अंतरिम आदेश जारी किया है।

दरअसल पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी द्वारा ग्राम धरमपुरा के उल्लेखित दो खसरों के शासकीय पट्टेदार के तौर पर दर्ज होने पर भी अवैध नामांतरण के पारित आदेश के संबंध में तहसीलदार रीठी द्वारा 4 जुलाई 2024 को कलेक्टर श्री प्रसाद से राजस्व रिकार्ड में दर्ज किये जाने के संबंध मे मार्गदर्शन चाहा गया था। इसके बाद इस मामले को कलेक्टर श्री प्रसाद की कोर्ट द्वारा स्वप्रेरणा से इसे पुनरीक्षण में लिया गया था।

धरमपुरा गांव की उल्लेखित दोनों खसरा की शासकीय पट्टे की जमीनों की, की गई ब्रिकी के बाद नायब तहसीलदार बिलहरी ने नामांतरण आवेदन को खारिज कर दिया था। लेकिन एस.डी.एम कटनी ने नियम विरूद्ध तरीके से शासकीय पट्टे की भूमि का नामांतरण आदेश जारी कर दिया था।

भूमि खसरा नंबर 136 रकवा 0.37 हेक्टेयर और खसरा नंबर 137 रकवा कुल 0.40 हैक्टेयर भूमि को राशि छाबरा निवासी हेमू कालानी वार्ड शांति नगर माधवनगर कटनी ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से अतुल कुमार चेलानी से भूमि क्रय की थी। हल्का पटवारी संजीत कुमार धुर्वे ने नायब तहसीलदार बिलहरी के न्यायालय में प्रस्तुत प्रतिवेदन में विक्रित भूमि को राजस्व अभिलेख में शासकीय पट्टेदार के तौर पर दर्ज होने की जानकारी दी। इस आधार पर नायब तहसीलदार बिलहरी ने नामांतरण आवेदन खारिज कर दिया था। सक्षम अनुमति प्राप्त किये बिना पट्टे में प्राप्त भूमि के विक्रय से मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता की धारा का उल्लंघन हुआ है। जिससे स्पष्ट है कि अपवादों को छोडकर अन्य कोई व्यक्ति पट्टे या आवंटन की तारीख से 10 वर्ष की कालावधि के भीतर ऐसी भूमि अंतरित नहीं करेगा। कलेक्टर की अनुज्ञा के बिना किया गया विक्रय भी पूर्णतः अवैधानिक माना है व उससे कोई भी अधिकार उद्भूत नहीं होते। इस प्रकार बिना अनुमति पट्टे में प्राप्त भूमि का विक्रय किया जाना अवैधानिक माना गया है।

## कलश यात्रा में महापौर हुई शामिल



डन कॉलोनी में नवनिर्मित श्री गणेश सिद्धेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के चार दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ की गई। गत 4 जुलाई से प्रारंभ हुई प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन 7 जुलाई को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के पहले दिन बरगवां स्थित भूमि प्रकट मां शारदा माता के मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। माता शारदा के दरबार से निकली कलश यात्रा भ्रमण करते हुए नवनिर्मित श्री गणेश सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जहां पर कलश यात्रा का समापन किया गया। कलश यात्रा में नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रीति संजीव सूरी ने भी हिस्सा लिया। माता शारदा के दरबार से निकाली गई विशाल कलश यात्रा में बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी लोग शामिल रहे। महापौर श्रीमती सूरी के साथ पीले वस्त्र धारी महिलाएं कलश लिए झूमते हुए चल रही थी। ढोल नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच रिमझिम फुहार के साथ कलश यात्रा नवनिर्मित श्री गणेश सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर ने बडवारा के गांवों में रोपा पौधा

**एप पोर्टल पर पौधे के साथ फोटो किया अपलोड**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रवर्तित पौधारोपण के श्एक पेड़ मां के नामश्अभियान के तहत गुरुवार को बड़वारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बड़वारा कालेज परिसर, गुडाकला, चांदपुर मोहल्ला के तालाब के अगोर में और यहां के माध्यमिक स्कूल परिसर में छात्र- छात्राओं के साथ पौधारोपण किया। साथ ही वायुदूत अंकुर एप पोर्टल पर पौधे के साथ फोटो भी अपलोड किया।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने कटनीवासियों से पौधारोपण के इस महाभियान से जुड़ने की अपील की है ।कलेक्टर ने कहा है कि पौधारोपण कर न केवल हम



पर्यावरण को बचायेंगे ,बल्कि वानिकीकरण में भी अपनी भूमिका निभाएंगे ।उन्होंने कहा कि पौधारोपण के इस नेक अभियान से सभी जुड़ें ।आप अपने परिजनों को लेकर माताजी के साथ भी सेल्फी लें और अभियान के अंतर्गत निर्धारित वेबसाइट पर भी चित्र अपलोड करें। इससे अन्य लोग भी प्रेरित होंगे।

अंकुर एप पर ऐसे करें अपलोड

कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे एक पेड़ मों के नाम पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण के साथ अपना फोटोग्राफ वायुदूत (अंकुर) मोबाइल एप पर अपलोड अवश्य करें। गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत (अंकुर) एप को डाउनलोड कर लेवें।एप डाउनलोड पश्चात प्रतिभागी अपनी इच्छा अनुसार भाषा हिन्दी,अंग्रेजी का चयन करें।नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें।मोबाइल नम्बर दर्ज कर लॉगिन करें।पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ओ टी पी प्राप्त कर वेरीफाई कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें।वेरीफिकेशन उपरांत नया वृक्षारोपण (छमू च्संदजंजपवद) पर क्लिक करें।रोपित पौधे का फोटोग्राफ एप पर अपलोड करें।

**मासांत तक किसान करा सकेंगे खरीफ फसल का बीमा**

# प्राकृतिक आपदाओं में फसल बर्बाद होने पर प्राप्त कर सकेंगे बीमा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई कटनी जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषकों का संबंधित वित्तीय संस्था के माध्यम से फसल बीमा किया जायेगा। अऋणी कृषक संबंधित बैंक से या बीमा अभिकर्ता अथवा सी.एस.सी के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कटनी ने बताया कि खरीफ फसलों का बीमा कराने के लिये भू-अधिकार पुस्तिका या बी-1 ,आधार कार्ड, बैंक पास बुक की प्रमाणित प्रति तथा फसल बुआई प्रमाण पत्र के साथ विधिवत भरा हुआ प्रस्ताव पत्र अपने मोबाईल नम्बर के साथ प्रस्तुत करना होगा। ऋणी कृषक जो फसल बीमा योजना से बाहर होना चाहते है। उन्हे भी बीमांकन की अंतिम तिथि से 07 दिवस पूर्व अतरू24 जुलाई तक अपने संबंधित बैंक में अवश्य सूचित करें। फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग (आकाशीय बिजली गिरना), बादल फटना, तूफान, ओलावृष्टि,चक्रवात, बाढ़, जलभराव, भू-स्खलन , सूखा , कीट-व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल बीमा का लाभ प्राप्त कर सकते है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने के लिये कटनी जिले हेतु जिला स्तर में उड़द का प्रीमियम 500 रूपए ,तहसील स्तर में तिल के लिये 374 रुपये प्रति हेक्टेयर , पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित के लिये प्रीमियम राशि 720 रुपये प्रति हेक्टेयर, धान असिंचित के लिये 560 रूपए प्रति हेक्टेयर, मक्का के लिये 440 रूपए, तुअर के लिये 618 रूपए, प्रीमियम राशि निर्धारित है। अधिसूचित फसलों के बीमा की प्रीमियम राशि अपने बैंक अथवा सी.एस.सी. सेंटर में जमा कर रसीद प्राप्त कर सकतें है।

### कलेक्टरके निर्देश पर लंबित नक्शा बटांकन प्रकरण का हुआ निराकरण

**कटनी।** जिले मे सुशासन के माध्यम से आमजन को संवेदनशील जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन मुहैया कराने संकल्पित कलेक्टर अवि प्रसाद जनाकांक्षाओं के विषयों पर किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उसकी जांच कराकर शिकायत का निराकरण कराने के प्रयास किये जा रहे है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गायत्री नगर कटनी निवासी उमेश सिंह परिहार की नक्शा बटांकन एवं सीमांकन लंबित होने की शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए स्थानीय समाधान मे निराकरण हेतु प्रकरण को चयनित किया जाकर तहसीलदार कटनी को प्रकरण पर नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर गायत्री नगर निवासी आवेदक उमेश सिंह परिहार द्वारा ग्राम सरसवाही स्थित भूमि के प्रस्तुत नक्शा बटांकन एवं सीमांकन के प्रकरण को न्यायालय तहसीलदार कटनी में पंजीबद्ध कर हल्का पटवारी से नक्शा बटांकन प्रस्ताव आहूत किया जाकर 1 जुलाई 2024 नक्शा बटांकन प्रस्ताव स्वीकृत आदेश पारित करते हुए उपरोक्त कार्यवाही से आवेदक को अवगत कराया गया है।

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं वन स्टॉप सेंटर समिति की बैठक

# हितग्राहियों को समय सीमा में लाभ प्रदान करने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एवं वन स्टॉप सेंटर समन्वय समिति की बैठक का आयोजन शुक्रवार को कलेक्टर, अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कटनी स्थित नवीन समाकक्ष में किया गया।

बैठक में कलेक्टर द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना एवं मुख्यमंत्री बाल आर्शीवाद योजना की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने समस्त लाभांवित बालकों की नियमित आर्थिक सहायता, शिक्षा के अवसर एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा पी०एम० केयर्स फॉर चिल्ड्रन अंतर्गत हितग्राहियों को प्रावधानित लाभ समय-सीमा में प्रदाय किए जाने निर्देशित किया गया।

मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की समीक्षा कर, निवासरत देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के आवश्यक दस्तावेज जैसे- आधार, समग्र, आयुष्मान कार्ड आदि की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित करने, विशेष प्रयास किए जाने अवि प्रसाद द्वारा निर्देश दिए गए। दत्तक ग्रहण के प्रकरणों, उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार यौन अपराधों की पीडित बालकों को परामर्श प्रदाय किए जाने गठित पैनल के कार्य, पालना की स्थापना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए ।

वन स्टॉप सेंटर कटनी एवं महिला हेल्पलाईन 181 में प्राप्त होने वाले प्रकरणों की समीक्षा करते हुए, सेंटर के संबंध में जमीनी स्तर पर जागरूकता हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश कलेक्टर, श्री प्रसाद द्वारा दिए गए। न्यायालय में लंबित घरेलू हिंसा के प्रकरणों के नियमित अनुवर्तन हेतु जिला विधिक सहायता अधिकारी कटनी से समन्वय कर कार्य करने श्री प्रसाद द्वारा निर्देशित किया गया ।

कलेक्टर अवि प्रसाद, द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं समिति सदस्यों से बाल संरक्षण एवं महिला सुरक्षा से संबंधित सुझाव लिए जाकर महिला एवं बाल विकास विभाग को प्राप्त सुझावों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए गए।

बैठक में नयन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, सुश्री वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, डॉ. पूजा द्विवेदी, जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग, पवन अहिरवार, उपायुक्त, के.बी. मिश्रा, जिला श्रम अधिकारी, हॉ. हेमलता गर्ग, प्राध्यापक, तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, श्री अनुज चंसोरिया, जिला विधिक सहायक अधिकारी, अमरेन्द्र तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी, अमरेन्द्र तिवारी, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी, सुषमा नाग, वन स्टॉप सेंटर, कमलेश सैनी, जिला पंचायत,, संदीप झारिया, स्वास्थ्य विभाग, अधीक्षकगण, बाल देखरेख संस्थाओं के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का परखा जाएगा सामान्य ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध मध्य प्रदेश के सामान्य ज्ञान की जानकारी अब विद्यार्थियों को सैर सपाटा करने का सुनहरा अवसर प्रदान कर सकती है। 27 जुलाई को होने वाली जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र, पदक के साथ मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों को भ्रमण कराया जाएगा।

मप्र पर्यटन बोर्ड (एमपीटीबी) तथा जिला प्रशासन के संयोजन से प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्र-छात्राओं को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से सामान्य ज्ञान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा में स्कूलों की सहभागिता सुनिश्चित करने जिले के सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने स्कूल का पंजीयन 8 जुलाई के पूर्व कर लें। लिंक के माध्यम से विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का प्रतियोगिता के लिए पंजीयन कराने कहा गया है।

जिला स्तरीय पर्यटन क्विज के विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित होगी, जिसमें पहले लिखित परीक्षा होगी जिसमें शीर्ष छह टीमें मल्टीमीडिया राउंड में सम्मिलित होंगी। जिसमे प्रथम तीन टीमें विजेता एवं शेष तीन टीमें उप विजेता घोषित होंगी। इन सभी छह टीमों को प्रमाण पत्र, कूपन एवं मेडल के साथ ही मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों का मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के माध्यम से भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा। किसी भी प्रकार की सहायता एवं बीमा के लिये हमारे ब्लाक स्तरीय कृषि कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

**खबर संक्षेप**

### युवती को नहीं मिल रहा था कोई साधन, डायल-112/100 सेवा ने युवती को सुरक्षित उनके घर पहुँचाया



**पन्ना।** जिला पन्ना के थाना सिमरिया के अंतर्गत एक युवती को अपने गांव जाने के लिए साधन नहीं मिल रहा था। पुलिस सहायता के लिए इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक श्याम सिंह एवं पायलेट रामकिशोर ने मौके पर पहुँचकर बताया कि युवती को मड्वाहा गाँव जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। डायल-112/100 स्टाफ द्वारा एफ आर व्ही वाहन से युवती को उनके गांव मड्वाहा पहुँचाया गया। युवती के परिजन द्वारा डायल-112/100 सेवा का आभार व्यक्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवती दमोह से आयी थी, युवती को मड्वाहा गाँव जाना था।

### कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान भाई ऑनलाईन आवेदन करें

**पन्ना।** उप संचालक पन्ना द्वारा अवकत कराया गया है कि कृषि विभाग में सचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए शासन के नवीन दिशानिर्देशों के अनुसार किसान भाईयो को अब ऑनलाईन पंजीयन कराना होगा। सभी किसान भाई हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने के लिए एम किसान एप पर ऑनलाईन पजीयन कर सकते है। कृषि विभाग में संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का पंजीयन पार्टल, मोवाईल एप पर मोचाईल से अथवा किसान की सहमति से कॉमन सर्विस सेन्टर से भी किया जा सकेगा। अधिक जानकारी के लिए किसान भाई अपने विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर सकते है।

### निजी विद्यालयों की मान्यता के मापदण्ड को क्या परखा जा सकता है

**पन्ना।** सिमरिया से मोहन्द्रा, पवई, अमानगंज एवं समूचे पूरे पन्ना जिले मे प्राइवेट स्कूलों को मान्यता किस नियमों के तहत दीं जाती है कुछ प्राइवेट स्कूल 3-4 कमरों मे चलते है कुछ 8-10 कमरों मे चलते है उनके पास कोई भी स्कूल के सामने मैदान नहीं है कुछ प्राइवेट स्कूल मैन रोड पर खोले हुए कुछ प्राइवेट स्कूल 10वी एवं 12 वीं तक की मान्यता लिए है लेकिन उनके पास कोई मैदान नहीं है सिर्फ मंजिल के मंजिल है। क्या जिम्मेदार निजी विद्यालयों की मॉनीटरिंग करके मान्यता की मापदण्ड के साथ-साथ सुविधाओं पर करेगें गौर। जो ऐसे विद्यालयों का निरीक्षण नहीं करते है यदि विधालय नियम पर नहीं है तो उनकी मान्यता रद्द करें ये प्राइवेट स्कूल बाले फीस ऐसी लेते है जैसे बच्चा दिल्ली मे पढ़ रहा हो और शिक्षक ऐसे रखते है जो दिन भर मोबाइल मे व्यस्त रहते है बच्चों को पढाई के नाम पर सिर्फ धोखा मिलता है शिक्षा प्रदान करने को लेकर जहां जिले में जिला शिक्षा अधिकारी विभाग प्रमुख के नाते ऐसे विद्यालयों की मॉनीटरिंग कराकर आने वाले समय में सतत मान्यता के मापदण्ड पर गौर हो जहां छात्र-छात्राओं को सुविधा मिले।

## गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात्रि में हुई बारिश से खकरिया मार्ग कीचड़ में तब्दील, दुर्दशा का शिकार हुआ मार्ग

# कीचड़ में फिसले बाईक सवार, ट्रक अनियंत्रित होकर धंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूखेड़ा

नगर एवं क्षेत्र में गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात्रि लगभग 10 बजे से शुरू हुई रिमझिम बारिश के साथ हुई बारिश ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया। इस बारिश ने जहां फसलों को फायदा पहुंचाया वही नगर के मुख्य मार्ग से वार्डो के मार्गो की नाली ने गंदगी रोड पर ला दी जिसके कारण यहां से निकलने वाले लोगों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ा। इस गंदे पानी से आ रही दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। नगर की वार्ड क्रमांक 09 के मुख्य मार्ग की दुर्दशा देखने लायक बनी है। इसी मार्ग पर समस्त शासकीय कार्यालय कॉलेज मॉडल हाई स्कूल स्थित है जिसके चलते छोटे छोटे बच्चे व छात्र छात्राओं को भी इस गंदगी के दलदल से गुजरना पड़ रहा है शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने इस ओर ध्यान दिया। और सबसे पहले खकरिया मार्ग पर जहा की सड़क ध्वस्त हो चुकी है और कीचड में तब्दील है।वहा लगभग 300 मीटर में जेसीबी ले जाकर पानी निकासी करवाई शुरू की। हालांकि इस कार्य से वहां के



रहवासियों के नल कनेक्शन टूट गए गये। पीडब्ल्यूडी के कार्य कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि इसके बाद सडक मै बॉक्स बनाकर गिट्टी डाली जाएगी और जहां तक मार्ग में कीचड़ है। वहां तक के मार्ग बनाया जाएगा ताकि 14 जुलाई को होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह में किसी को परेशानी ना हो। साथ ही आंगनबाड़ी ,महाविद्यालय एवं सीएम राईज के बच्चों को भी कीचड़ से होकर ना गुजरना पड़े।

### होने लगे हादसे

खकरिया मार्ग पर अब लगातार हादसे हो रहे है जबकि यह मार्ग कोई हाईवे नहीं है नगर का अंदरूनी वार्ड है जहां सड़क गढ्ढों से युक्त सिंगल सड़क है। लेकिन हादसों का मुख्य कारण बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त सड़क पर कीचड और फिसलन भरी सड़क बनी हुई है। बीते 5 सालों से यह सड़क अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है क्योंकि यह सड़क नगर की सबसे मुख्य सड़क है लेकिन इस और किसी का ध्यान नहीं जाता है। बीते गुरुवार की रात 10 बजे जरुआ निवासी दो युवक बाइक से घर जाते समय गिरकर घायल हो गए ।वहीं शुक्रवार को मंडी से अनाज लोड़ करके राशन दुकानों पर अनाज छोड़ने जा रहा ट्रक दूसरे ट्रक को बचाने के चक्कर में फिसलने से सड़क किनारे बनी नाली में धंध गया जहां बड़ा हादसा होते होते बचा। क्योंकि ट्रक में पल्लेदार और ड्राइवर मौजूद था।



जहां ट्रक का टायर मिट्टी से फिसलते हुए नाली किनारे मिट्टी में जा घुसा। टायर के धंसते ही ट्रक पलटते पलटते बचा अगर ट्रक पलट जाता तो कई लोग इस हादसे में गंभीर रूप से घायल होते। ट्रक के मिट्टी में धधने से क्षतिग्रास्त सड़क के आधे हिस्से से अन्य वाहनों को निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही तीन चार घंटे तक ट्रक मिट्टी में फंसा रहा जहां जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर की मदद से ट्रक को खाली कर निकाला जा सका। लोगों का आरोप है कि शासन प्रशासन द्वारा इस मार्ग की खानापूर्ति कर 14 जुलाई को होने वाले सम्मेलन के लिए इस मार्ग की मरम्मत और सुधार कार्य कराया जा रहा है। लेकिन इस मार्ग पर स्थिति वैसी ही रहेंगी। क्योंकि पूरा मार्ग क्षतिग्रस्त है और मिट्टी युक्त है जहां तेज बारिश में सड़क के हालात और खराब हो जाएंगे। वहीं लोगों का कहना है कि इस सड़क को आए दिन छोटी मोटी घटनाएं तो रोज होती है लेकिन शासन प्रशासन मैं बैठें मंत्री विधायक कलेक्टर और नगर परिषद किसी बड़े हादसे के इंतजार में बैठा हुआ है।

### लोगों की समस्याओ का नहीं होता निराकरण

वही वार्ड क्रमांक 8, 9,10 एवं 11 कॉलोनीयो मै रहने वाले रहवासी पिछले कई दिनों से कीचड़ और गंदगी से परेशान हैं इस समस्या के निदान के लिये नगर परिषद अधिकारी से लेकर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों तक को अवगत करा चुके हैं लेकिन उनकी समस्या की ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। रहवासियों ने बताया कि कीचड़ और गंदगी की शिकायत वह सीएम हेल्पलाइन पर भी कर चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी सड़कों की मरम्मत का कार्य अब तक नहीं हो पाई है। कॉलोनीयो के निवासियों ने नगर परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों से जल्द से जल्द कीचड़ से मुक्ति दिलाने की मांग की है। रहवासियों का कहना था कि नगर परिषद और जिले के अन्य बड़े अधिकारियों को भी वह पहले ही इस समस्या से अवगत करा चुके हैं। जब उनकी समस्या का हल नहीं निकल तो उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर भी इसकी शिकायत की है। कॉलोनी के लोगों का जीना दूभर है। शिकायत होने के बाद भी नगर परिषद में बैठे हुए लोगो के कान में अब तक जूं तक नहीं रेंग रही है। रहवासियों का कहना था कि बारिश में यहां सड़कों पर कीचड़ से लोगों का हाल बेहाल हो जाता है। वहीं दुपहिया वाहन चालक और पैदल चलने वाले कीचड़ में फिसलकर गिर रहे हैं। जिससे यहां के रहवासियों का हाल बेहाल हो गया है। बच्चे घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। सड़कें इतनी दयनीय स्थिति में है कि जैसे ही इन सड़कों पर दुपहिया वाहन निकाले जाते हैं तो वह मिट्टी में फिसलकर गिर जाते हैं। जिससे कई लोग चोटिल भी हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि कीचड़ और गंदगी से मच्छर पनप रहे हैं जो बीमारियों को न्योता दे रहे हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं है।

## पेंशनर्स की बैठक का आयोजन कल

**हिंडोरिया।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसो.मध्य प्रदेश भोपाल उप तहसील शाखा हिंडोरिया ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी कि पूर्व नियमानुसार 7 जुलाई रविवार को अपराह्न ठीक 2 बजे आवश्यक मीटिंग गायत्री विद्यापीठ स्कूल माता भगवती हाल में आयोजित की गई ळै। अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद चौरसिया मानदान सदस्य ठा.नारायण सिंह एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष हाजी नवाब खान द्वारा पिछले और एसी वर्ष सेवा निवृत्त हो चुके पेंशनर्स भाइयों से भी आधार/पेन कार्ड पी.पी.नंबर लेकर उपस्थित होने की अपील की है। पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान साथ ही साथ साइबर अपराधों से सावधानी ऐसे अनेक विषयों पर भी चर्चा होगी। और समस्त कार्यकारणी समिति सहित नये सदस्यों का स्वागत भी किया जायेगा।

## परिवहन व भंडारण के विरुद्ध की गई कार्यवाही

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अपर कलेक्टर मीना मसराम के मार्गदर्शन में खनिज अधिकारी मेजर सिंह जमरा के द्वारा अवैध खनिज खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है1 इसी क्रम में ग्राम-कुम्हारी में खनिज का अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 02 डंपर अभिवहन पारपत्र में दर्ज मात्रा से अधिक रेत का परिवहन करते हुए जप्त कर थाना कुम्हारी में रखा गये। दमोह में रेत का अवैध भंडारण पर कार्यवाही करते हुए 02 प्रकरण दर्ज किए और मोके से 02 ट्रेक्टर ट्रॉली को जप्त कर थाना कोतवाली में रखा गया। अवैध परिवहनकर्ता व भंडारणकर्ता के विरुद्ध प्रकरण मध्य प्रदेश खनिज नियम के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया 1



# शिक्षक सार्थक ऐप अपनायें विद्यालय समय से पहुंचें : कलेक्टर

## समस्त विकासखण्डों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न, दिये गये अहम दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दमोह

जिले के परीक्षा परिणाम को अग्रणी लाने के लिये सत्र 2024-2025 में सभी शिक्षकगण सार्थक ऐप अपनायें, विद्यालय समय से पहुंचें तथा पूर्ण समय तक विद्यालय में रहकर सभी कालखण्डों में अध्यापन कार्य करायें । इस आशय की बात कलेक्टर श्री कोचर ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सभा कक्ष में आयोजित जिले के समस्त विकासखण्डों के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक कही। इस अवसर पर 27 जुलाई को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के लिये पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बैठक में कॉपी चेंकिग, मासिक टेस्ट, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पालक शिक्षक मीटिंग, विद्यालयों का निरीक्षण, व्यवसायिक शिक्षा, विद्यालयों की सुरक्षा व मरम्मत, नवाचार, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुये अच्छा कार्य करने वाले



शिक्षकों/प्राचार्यो को सम्मानित करने की बात कहीं। उन्होंने कहा जब में मैली प्राथमिक शाला के पास से निकल रहा था, तो वहां स्कूल के बाहर कुछ बच्चे खड़े हुये थे, रूककर बात की तो बच्चों ने बताया कि शिक्षक हमें बहुत अच्छा पढ़ाते है, इसलिए हम स्कूल खुलने के पहले ही स्कूल आ जाते है। शिक्षक समय पर आते है तथा हमें अच्छा पढ़ाते है। जब उन बच्चों की पुस्तकों से कुछ प्रश्न किये तो सभी ने सटीक और सही उत्तर दिये, जिससे पता चलता है कि बच्चों का शैक्षणिक स्तर बहुत अच्छा है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह सब जानकर मन प्रशन्नचित हो गया। यह घटना इस बात का प्रमाण है कि यदि शिक्षक बच्चों के प्रति समर्पित भाव से अध्यापन कार्य करें तो स्कूलों में कम उपस्थिति जैसी समस्या कभी नहीं रहेगी तथा परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहेगा।

बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने प्राचार्यो से बात करते हुये उनकी समस्याओं के बारे में भी एक-एक करके प्रश्न किये। कॉपी चैकिंग के संदर्भ में निर्देश दिये कि शिक्षक विद्यार्थियों की जो कॉपी चैक करते है उनका 25 प्रतिशत चैकिंग प्राचार्यो को करना है तथा यह देखना है कि शिक्षक द्वारा चैंक की गई कॉपी में शिक्षक द्वारा चैक करने में कोई भूल तो नहीं की। वरिष्ठ अधिकारी भी अपने निरीक्षण के दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को जो अध्यापन कार्य कराते है अथवा होमवर्क देते है उसका विद्यार्थी द्वारा कॉपी अथवा रजिस्टर में लिखी गई विषय वस्तु की चैंकिग करेगें कि शिक्षक एवं प्राचार्य द्वारा नियमित कॉपियों की चैंकिग की जा रही है अथवा नहीं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा शाला कैलेण्डर में दिये गये समय विभाग चक्र के अनुसार अध्यापन नियमित कराते हुये दिसम्बर माह तक का कोर्स पूरा करायें ताकि आगामी 02 माह का समय विद्यार्थियों को रिवीजन के लिये मिल सके। उन्होंने शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये जिन विद्यालयों में अतिशेष शिक्षक है, उन्हें वहां से हटाकर जहां शिक्षकों की कमी है, उन शालाओं में तुरंत शिफ्ट किया जाये। सार्थक ऐप के संबंध में उन्होने पुनः स्पष्ट किया कि इससे किसी को घबराने की जरूरत नहीं है, ऐप का मुख्य उद्देश्य अनुशासन के साथ अध्यापन कराना है। यह किसी के ऊपर कार्यवाही के लिए नहीं है। समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस.के.नेमा, सहायक संचालक नन्हें सिंह ठाकुर, ए.डी.पी.सी. एस.के.असाटी., डी.व्ही.सी. तमसील कुरैशी एवं ए.पी.सी. मोहन राय ने विभिन्न विभागीय बिन्दुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। बैठक में समस्त विकावखण्डों के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य उपस्थित रहे।

# आज से प्रारंभ हो रही है गुप्त नवरात्रि, नौ नहीं बल्कि 10 दिनों की होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूखेड़ा

सनातन धर्म में नवरात्र के पर्व का बेहद खास महत्व है। इस दौरान मां दुर्गा के अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। साथ ही दुखों को दूर करने के लिए व्रत भी किया जाता है। प्रत्येक वर्ष 4 बार नवरात्र का त्योहार मनाया जाता है, जिसमें से 2 प्रकट नवरात्र और 2 गुप्त नवरात्र होते हैं। प्रकट नवरात्र चैत्र और आश्विन माह में होते हैं। वहीं, गुप्त नवरात्र माघ और आषाढ़ माह में पड़ते हैं। विशेष महत्व है गुप्त नवरात्रि का सनातन धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व होता है. नवरात्रि के दिनों में देवी मां के नव स्वरूपों की पूजा आराधना की जाती है. साल में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है जिसमें एक चैत्र नवरात्रि दूसरा शारदीय नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि. तंत्र मंत्र की साधना में लीन रहने वाले लोगों के लिए गुप्त नवरात्रि बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। आषाढ़ गुप्त नवरात्रि आज से प्रारंभ हो रहे हैं पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ गुप्त नवरात्रि इस साल 6 जुलाई 2024, शनिवार से होंगे और इनका समापन 15 जुलाई 2024, सोमवार को होगा। गुप्त नवरात्रि इस बार नौ नहीं बल्कि दस दिन के हैं। गुप्त नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा गुप्त तरीके से की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है।गुप्त नवरात्रि घटस्थापना का शुभ मुहूर्त गुप्त नवरात्रि की घट स्थापना शुभ मुहूर्त में 06 जुलाई की सुबह 05:11 मिनट से 07:26 मिनट तक कर सकते हैं। अगर इस मुहूर्त में कलश स्थापन नहीं कर पाते हैं तो अभिजीत मुहूर्त सुबह 11 बजे से लेकर 12:15 बजे तक कर लें।

### दो मुहूर्त में कलश स्थापन करना शुभकारी होगा

श्री शास्त्री ने आगे बताया कि देवी भागवत के अनुसार, जिस तरह वर्ष में चार बार नवरात्र आते हैं और जिस प्रकार नवरात्रि में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। ठीक उसी तरह गुप्त नवरात्र में 10 महाविद्याओं की साधना की जाती है। गुप्त नवरात्रि विशेषकर तांत्रिक क्रियाएं, शक्ति साधना, महाकाल आदि से जुड़े लोगों के लिए विशेष महत्व रखती है। उनकी पूजा तब कि जाती है जब पृथ्वी पर रुद्र, वरुण, यम आदि का प्रकोप बढ़ने लगता है। मां कामख्या की पूजा का जुलाई में ज्यादा महत्व है। मनोवांछित सिद्धि मिलती है। गुप्त नवरात्रि की देवियां गुप्त नवरात्र के दौरान कई साधक महाविद्या (तंत्र साधना) के लिए मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, माता बगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा करते हैं। शक्तियों की प्राप्ति के लिए शक्ति साधना और महा कालिका की खास पूजा विभिन्न मंदिरों और घरों में होगी।

## न्यायाधीश ने किया पौधारोपण



**हटा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री आनंद कुमार तिवारी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हिनौता में वृक्षारोपण किया गया जिसमें श्री देवेन्द्र अतुलकर, न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी, डा श्री महेश लोधी, बुददन तंतुवाय पर्यवेक्षक शासकीय अस्पताल हटा, अर्जुन तिवारी फार्मास्टि, श्रीमति रिया गुप्ता, तिलक सिंह एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।श्री देवेन्द्र अतुलकर न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी ने उपस्थित कर्मचारीगण को संबोधित करते हुये वृक्षों से होने वाले फायदे एवं उनका पर्यावरण हेतु योगदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## शासकीय विद्यालयों में पालक-शिक्षक बैठक आज

**दमोह ।** जिले के समस्त शासकीय हाईस्कूल एवं हॉयर सेकेण्डरी विद्यालयों में एक साथ सभी विषयों का मासिक टेस्ट संपन्न कराया गया था। जिसका सभी विषय शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन पूर्ण कर विषयवार अंक प्रदान किये गये। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने इन शासकीय विद्यालयों में कक्षा 09वीं से 12वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के माता-पिता से आग्रह करते हुये कहा है कि आज 06 जुलाई को अपने बच्चों के विद्यालय पहुँचें, इस दिन सभी विद्यालयों में एक साथ पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी विद्यार्थियों की टेस्ट कॉपियों का उनके अभिभावकों द्वारा अवलोकन किया जायेगा तथा वे अपने बालक/बालिका की प्रगति से परिचित हो सकेगें। इस दौरान शिक्षक विद्यार्थियों की जो कमियों होगी उनसे भी अभिभावकों को अवगत करा सकेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसी दिन सभी विद्यालयों में ₹एक पेड़ मां के नाम₹ तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया किया गया है। जिसमें सभी माताएं अपने पुत्र/पुत्री के साथ पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगी। सभी प्राचार्य / शिक्षक/अभिभावक एवं विद्यार्थी उत्साह पूर्वक आज 06 जुलाई को एक यादगार दिवस के रूप मनायेगें। उन्होंने पुनः सभी अभिभावकों से आग्रह करते हुये कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय पहुँचें।

## पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

**दमोह।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन 1 से 4 जुलाई 2024 को महाविद्यालय के सभागार किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित छात्रों को संस्थान की विशिष्ट प्रकृति, संस्कृति तथा विभिन्न कोर्सेस, साहित्यिक, सांस्कृतिक क्रियाकलापों एवं एनसीसी, एनएसएस, खेल कूंद, विवेकानंद कैरियर आदि से परिचित कराना था। प्रभारी प्राचार्य डॉ इंदिरा जैन के निर्देशन में इस चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यार्थियों के अभिमुखीकरण के उद्घाटन सत्र के अवसर पर एन. ई. पी. 2020 विषय पर महाविद्यालय में प्रवेश, कॉलेज में संचालित कोर्सेस, प्रवेश प्रक्रिया एवं परीक्षा से संबंधित विषयों की जानकारी डॉ. हरिओम दुबे एवं डॉ. रमेश प्रसाद अहिरवार द्वारा दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर आयोजित गतिविधियों का संचालन डॉ. जी.पी.अहिरवार के प्रभार में समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थी जीवन, जागरूकता, सामाजिक, सांस्कृतिक अभिविन्यास के अंतर्गत भारतीय संस्कृति एवं भारतीय दर्शन, वैदिक व प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, साहित्य कला सृजनात्मक एवं सामाजिक दायित्व से संबंधित विषयों पर विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा कर उन्हें मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के तृतीय दिवस की गतिविधियों में विद्यार्थी जीवन और सहायता प्रणाली, शैक्षणिक अभिविन्यास, संवेदीकरण जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विवेकानंद कैरियर कौशल विकास, एनसीसी, एनएसएस, योग, खेलकूद पर्यावरण हितग्राही योजनाएं, सूचना साइबर बौद्धिक संपदा का अधिकार विषय पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. इन्दिरा जैन द्वारा प्रभावी उद्बोधन दिया गया तथा डॉ. कमल चौरसिया, डॉ. एन आर सुमन, डॉ. के.एस. बामनिया, डॉ. एम.एम. महंत, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. बी. डी. रैकवार, विनोद साहू , इरफान खान द्वारा छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया।




## गणेश दुबे को दी गई विदाई



**दमोह।** दमोह की प्रसिद्ध धरा जोगेश्वर नाथ बांदकपुर मे संयुक्त मोर्चो की ओर से गणेश दुबे का विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे शिक्षा विभाग से 04 और वरिष्ठ कर्मचारीयों सम्मान किया गया जिसमें हमारी संस्था से श्री धरमदास रोहित को आर.एस.राजपूत द्वारा पगड़ी पहनकर प्राचार्य, हसन खान डी.पी.सी मुकेश त्रिर्वेदी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी वाई.के.कोरी बी.आर.सी. ललित रैकवार द्वारा फूल माला शाल श्रीफल मोमेंटो भेट कर सम्मान किया संयुक्त के सभी जिलाअध्यक्ष एंव समस्त कर्मचारी की उपस्तिथ रहें।

## उपभोक्ता कल्याण समिति की पटेरा में हुई बैठक

**पटेरा।** अंतर्राष्ट्रीय उपभोक्ता कल्याण समिति की दूसरी बैठक दमोह जिला के पटेरा शहर में आयोजित की गई जिसमें समिति के बारे में जानकारी देते हुए समिति के प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत ने बैठक को संबोधित करते हुए समिति के विषय में जानकारी देते हुए बताया की समिति का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को न्याय दिलाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र चौधरी ने उपभोक्ताओं को जागृत करते हुए कहां की हम जब भी कोई वास्तु खरीदें तो उसने प्रिंट रेट एवं एक्सपायरी डेट जरूर देखें, उपभोक्ता कल्याण समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को जागृत करना मिलावट खोरी एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाना एवं उपभोक्ता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करना है। बैठक को समिति के वरिष्ठ सचिव अतुल पन्या ने संबोधित करते हुए भ्रष्टाचार की इस लड़ाई में सभी लोगों का सहयोग प्रदान करने की बात कही। बैठक मे मुख्य अतिथि धर्मेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, प्रदेश के वरिष्ठ सचिव अतुल पन्या, प्रदेश मीडिया प्रभारी कृष्ण गोपाल श्रीवास्तव, मीना सिंह समिति के जिला अध्यक्ष हजारी पटेल, वाकर श्रीवास्तव, विवेक प्यासी, पूनम चौरसिया, रितु लोधी, महेश खरे, धर्मेंद्र अहिरवार, रामेश्वर पटेल, दीपक नामदेव, राजा मिश्रा, प्रदीप कुर्मी, मनोहर कुर्मी, सोमनाथ विश्वकर्मा सहित समिति के पदाधिकारी की उपस्थिति रही। बैठक का सफल संचालन कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने किया एवं आभार व्यक्त समिति के पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजपूत द्वारा किया गया।



### सिग्रामपुर ग्राम में बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार में होती है परेशानी

# अंतिम यात्रा के लिए भी संघर्ष, घुटनों तक नाले का पानी पार कर ले जाना पड़ रहा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

जिले की जंप जबेरा के ग्राम सिंग्रामपुर में अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोग घुटनों तक भरे नाले को पार कर रहे है क्योंकि श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता नही है इसके बाद सरकार के ग्रामीण विकास के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। सिंग्रामपुर जहां श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं है। बरसात में ग्राम में किसी की मौत हो जाती है तो अंतिम संस्कार के लिए शव ले जाने में मुश्किलें बढ़ जाती हैं। और लोगों को -नाले को पार करके अंत्येष्टि को जाना पड़ता है सिंग्रामपुर ग्राम में कुछ ऐसी ही स्थिति बनी है। बारिश के दिनों में लोग नाले में घुटनो पानी को पार कर श्मशान घाट तक जाते हैं और अपनों का अंतिम संस्कार करते हैं। आज सिंग्रामपुर ग्राम में लोगों को कुछ ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ा है। दरअसल, दमोह जिले की जंप जबेरा के सिंग्रामपुर ग्राम जबेरा विधानसभा क्षेत्र में आता है। सिंग्रामपुर निवासी 65



राजकुमार उर्फ राजू जैन की वर्षीय मौत हो गई है। वारिश के चलते श्मशान घाट के रास्ते में एक नाला पड़ता है। बारिश की वजह से नाले घुटनों तक पानी था। ग्राम के लोग पार्थिव शरीर को लेकर अंतिम संस्कार के लिए निकले। इस दौरान घुटनो तक पानी होने पर नाले में कुछ लोग गिरते उठते नाला को पार किया तब कही जाकर पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार हुआ स्थानीय अखिल जैन रमेश राय सहित ग्रामीणों कहना है की 60वर्षो में श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए यहां पर रास्ता तक नहीं बना है और नाले पर स्टाप डेम कम रपटा का निर्माण नहीं हुआ है जबकि ग्राम की आधी आबादी के लोग इस श्मशान घाट में अंतिम संस्कार के लिए जाते हैं वहीं सैकड़ो किसानों का खेतिहर भूमि तक पहुंचाने का रास्ता है।

#### श्मशान में टीन शेड नहीं

सिंग्रामपुर ग्राम के दोनो श्मशान घाट में टीन सेट नहीं ऐसे में वारिश के मौसम में केरोसिन और टायर से दाह संस्कार करना पड़ पड़ता है। आज भी ऐसी ही स्थिति बनी। जैन समाज में एक वृद्ध की मौत हो गई। चिता में आग जलाने की रहती है चुनौती, परेशानी नाले पर स्टाप डेम कम रपटा एवं पहुंच मार्ग बनवाने की ग्राम वासियों ने की मांग। सिंग्रामपुर ग्राम के लोगों ने श्मशान घाट के रास्ते ने पढ़ने वाले नाले पर स्टाफ डेम कम रपटा और पहुंच मार्ग बनवाने की मांग की है ग्रामीणों का कहना है बीते 6 दशक से ग्राम वासी यह परेशानी भुगत रहे और स्तिथि तो वारिश में यहां तक बन जाती है कि बारिश के दौरान किसी की मौत हो जाए और नाला उफान पर हो अंतिम संस्कार के लिए इंतजार करना पड़ता है।

एसडीएम तेंदूखेड़ा अविनाश रावत का कहना है आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है मैं जनपद सीईओ से जानकारी लेकर श्मशान घाट तक जाने के लिए रास्ता और स्टाप डेम निर्माण के लिए जो भी जरूरी करवाई है निर्देशित करता हूं।

### रथयात्रा की तैयारियां अंतित चरण में...

# कल निकाली जायेगी जगन्नाथ स्वामी रथयात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्राचीन मंदिर श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना से 152 सालो से निरंतर जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा निकल रही है। आयोजन समिति इस वर्ष भी धूमधाम से तैयारियों में जुटी है। रथयात्रा को केवल एक दिन शेष है जिससे तैयारियां लगभग अंतिम चरण में है। आयोजन समिति ने तीनों रथ के बारे में विशेष जानकारी और इतिहास के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भव्य रथ यात्रा का आरंभ होता है। जो इस बार 7 जुलाई से आरंभ हो रही है। शास्त्रों में भगवान जगन्नाथि रथयात्रा का विशेष महत्व बताया गया है। यह रथ यात्रा जगदीश मंदिर पुराना थाना दमोह से हर साल निकलती है। रथ यात्रा को देखने हर जिले भर से लोग आते हैं। मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के अवतार जगन्नाथजी की रथयात्रा में शामिल होने का पुण्य सौ यज्ञों के बराबर माना जाता है। हर साल आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भव्य रथ यात्रा का आरंभ होता है। वहीं इस भव्य यात्रा का समापन शुक्ल पक्ष के 11वें दिन जगन्नाथ जी की वापसी के साथ होता है। इस दिन भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अलग-अलग रथों में सवार होकर भ्रमण के लिए निकलते हैं। यात्रा की तैयारी अक्षय तृतीया के दिन श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा के रथों के निर्माण के साथ ही शुरू हो जाती है।

#### रथ यात्रा का इतिहास

भगवान जगन्नाथ मंदिर को लेकर कई कथाओं का वर्णन है। साथ ही कहते हैं कि यह बाद में नष्ट हो गया है। वहीं ऐसा माना जाता है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने से साधक के सभी दुख दूर हो जाते हैं। पुजारी पंडित नर्मदा प्रसाद गर्ग जी ने बताया कि जगन्नाथ के भात को जगत पसारे हाथ शनिवार को दोपहर एक बजे से विशाल भंडारा होगा और रविवार को शाम 5 बजे जगन्नाथ जी भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी जो पुराने थाने से टाकीज चोराहा,बाकोली ,घंटाघर ,उमा मिस्त्री की तलैया ,महाकाली चौराहा , सिटी नल , पुनः पुराने थाने पर विश्राम होगी आप सभी रविवार को 5 बजे रथ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करे।

#### बलराम जी का रथ

भगवान बलराम जी के रथ का नाम तालध्वज है। साथ ही इस रथ के रक्षक वासुदेव और सारथी मताली होते हैं। रथ के ध्वज को उनानी कहते हैं। वहीं जिस रस्सी से रथ खींचा जाता है, वह वासुकी कहलाता है। कुछ दिन पूर्व भगवान जगन्नाथ बीमार हुए, एकांतवास में उपचार हो रहा है इसलिये रथ यात्रा तक मंदिर के कपाट बंद रहेंगे।

#### बहन सुभद्रा का रथ

गवान बलभद्र और जगन्नाथ भगवान की छोटी बहन सुभद्रा का रथ का नाम पद्मध्वज है। साथ ही रथ को तैयार करने में काले और लाल रंग के कपड़ों का प्रयोग किया जाता है। रथ की रक्षक जयदुर्गा व सारथी अर्जुन होते हैं। वहीं इसके अश्व रोचिक, मोचिक, जिता व अपराजिता हैं। साथ ही से खींचने वाली रस्सी को स्वर्णचूड़ा कहते हैं।

## सामूहिक सम्मेलन की तैयारियों का लिया जायजा



**दमोह।** दमोह के कृषि उपज मंडी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन संबंधी तैयारियों का दमोह विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया ने जायजा लिया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस सबंध में श्री मलैया ने बताया आगामी 15 जुलाई को कृषि उपज मंडी दमोह में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा। इसी की तैयारी के लिए हम सभी यहां पर आए हैं। उन्होंने बताया बारिश के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सम्मेलन की तैयारियां की जा रही। श्री मलैया ने बताया कृषि उपज मंडी में बहुत से शेड्स हैं, जहां पर खाना बनाने और खाने की जगह हैं, यहां बहुत सारी सुविधाएं हैं, इसलिए पिछली बार की तरह इस बार भी यही कार्यक्रम किया जा रहा है। इस सबंध में सीईओ जनपद पंचायत पूनम दुबे ने बताया सम्मेलन हेतु ग्रामीण क्षेत्र के फार्म जनपद पंचायत दमोह में और नगरीय क्षेत्र के फार्म नगरपालिका दमोह में जमा किए जा रहे हैं। जो भी शादी हेतु इच्छुक हैं, इसका फॉर्म भर कर जनपद पंचायत कार्यालय और नगरपालिका में जमा करें, जिससे वह सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। इसी प्रकार नगर पालिका के मेघ तिवारी ने बताया सभी लोग अवगत हैं मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के अंतर्गत यहां पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जैसे की विधायक जी के द्वारा जो निर्देश प्रदान किए गए हैं उनके अनुसार पिछली बार से कार्यक्रम और बेहतर तरीके से कराया जायेगा।

## कलेक्टर आकस्मिक रूप से पहुँचे जेपीबी कन्या शाला

**दमोह।** अपने प्रतिदिन भ्रमण की श्रृंखला में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर शासकीय ई एफ ए जे पी बी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में आकस्मिक रूप से पहुँचे। कलेक्टर श्री कोचर ने छात्रों को दिये जा रहे मध्यान भोजन को चखा। उन्होंने यहां छात्रों को पढ़ाई के संबंध में महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने एलकेजी और यूकेजी की कक्षाओं का भ्रमण भी किया। यहां छात्राओं ने बहुत ही सुंदर कविता सुनाई जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने छात्राओं की कॉपी चैकिंग का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने कक्षा आठवीं की कक्षा का भ्रमण किया। छात्राओं ने कलेक्टर से सवाल पूछे जिनमें पुलिस अधिकारी, कलेक्टर, आर्मी, डॉक्टर आदि कैसे बना जा सकता हैं, प्रमुखता से सवाल रहे। जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि कैसे तैयारी की जाना है और उसकी प्रोसीजर क्या हैं। इस अवसर पर जिले की एकमात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का कलेक्टर ने भ्रमण कर भूरी-भूरी प्रशंसा की। इसके साथ ही विद्यालय की प्रमुख हस्तलिखित पत्रिकाओं का अवलोकन किया।



## नो प्लास्टिक डे एवं वन महोत्सव का आयोजन



**दमोह।** टाइम्स पब्लिक स्कूल में 5 जुलाई को वन महोत्सव कार्यक्रम के चलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय मिश्रा के मार्गदर्शन में आज नो प्लास्टिक डे कार्यक्रम का आयोजन बाल वाटिका के छात्रों के द्वारा प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। वन महोत्सव के उपलक्ष्य पर छात्रों को अधिक से अधिक मात्रा में वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में बाल वाटिका के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित होगा जिले का जागेश्वरनाथ धाम बांदकपुर- राज्यमंत्री

**दमोह।** भोपाल स्थित विधानसभा कक्ष में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पर्यटन विभाग निर्माण शाखा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दमोह जिले में स्थित जागेश्वरनाथ धाम को महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने की कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा की व आवश्यक निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा कि महाकाल लोक की तर्ज पर जागेश्वरनाथ धाम को विकसित किया जाएगा, जिसमें मंदिर परिसर का पुनर्विकास, एकात्म क्षेत्र, ज्ञान क्षेत्र, ध्यान एवं योग केंद्र, उल्लास क्षेत्र, प्रवेश एवं निकास द्वार का निर्माण होगा। श्रद्धालु जागेश्वरधाम लोक में भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतीकात्मक प्रतिमाओं एवं भगवान भोलेनाथ से जुड़े प्राचीन मंदिरों का चित्रण के माध्यम से दर्शन व उनसे जुड़ी मान्यताओं व इतिहास संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। बैठक के दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने लोक के निर्माण में अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, उत्तम पार्किंग व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा अनुसार सरल व सुगम दर्शन व्यवस्था की रणनीति, लाईट एंड साउंड शो की प्लानिंग संबंधित आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए, बैठक में पर्यटन विभाग निर्माण शाखा के मुख्य अभियंता दिलीप श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री किशोर चौरसिया, आर्किटेक्ट श्रुति पुरोहित एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डॉ. पी.के.जैन नये प्रभारी प्रभारी प्राचार्य नियुक्त

**दमोह।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह में शासन द्वारा जारी आदेशानुसार वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. पी.के.जैन ने प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ. पी.के.जैन का सम्मान कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



## प्राचीन धरोहरों को सहेजना हमारा कर्तव्य हैं-कलेक्टर



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अल सुबह पथरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम लखरोनी पहुंचे। यहां उन्होंने प्राचीन बावड़ी का अवलोकन किया। उन्होंने सीढ़ियों से नीचे उतरकर इसकी दीवार पर लगे हुए लेख को देखा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इसकी बनावट बहुत ही अच्छी है, इस बावड़ी पर ध्यान देना आवश्यक हैं। मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा इसकी सफाई कर इसका संरक्षण किया जाये। इसके उपरांत उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों ने रेल्वे लाइन के समीप चरनोई भूमि, लखरोनी से सतपारा सड़क मार्ग, बेहतर पेयजल व्यवस्था, सुचारू विद्युत आपूर्ति इत्यादि के बारे में अपनी बातें रखी। जिस पर श्री कोचर ने निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर श्री कोचर को अपने बीच पाकर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की और पुनः आमंत्रित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने भ्रमण के दौरान खेत में विचरण कर रहे वन्यजीवों को कैमरे में कैद किया। उन्होंने कहा प्रकृति की खूबसूरती इस समय चारों ओर हरियाली के रूप में वसुधा पर बिखरी हुई है, जो हर किसी को मोह रही है। अपनी तेज रफ्तार चाल के लिए पहचाने जाने वाले हिरणों का झुंड भी मानो इसे ही निहार रहा है। आज सुबह दमोह पथरिया के निरीक्षण से लौटते समय सड़क किनारे किसी खेत में हिरणों का झुंड दिखा तो बिना फ़ोटो खींचे नही रह पाए।

### पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने आमजनों को दी तीन नए कानून न्याय प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी

# बदलाव प्रकृति का नियम है, संविधान में 106 संशोधन हुये

#### न्याय संहिता में कुछ संशोधन किया गया है इसकी जानकारी आमजन तक पहुंचाएं-विधायक श्री मलैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




मप्र में 1 जुलाई से नए कानून और न्याय संहिता को लागू किया गया है, पुलिस मुख्यालय दिए गए निर्देशों के तहत जिले के नागरिकों को तीन नए कानून और न्याय प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए आज स्थानीय मानस भवन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रिंसिपल जिला एवं सत्र न्यायधीश श्री आनंद कुमार तिवारी ने तीन नए कानून और न्याय प्रक्रिया के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बदलाव प्रकृति का नियम है। हमारे देश में जब संविधान लागू हुआ तब से आज तक संसद के द्वारा 106 संशोधन पारित किए गए हैं।

दमोह विधायक एवं पूर्व वित्तमंत्री श्री जयंत कुमार मलैया ने कहा न्याय संहिता पारित होकर राष्ट्रपति जी के हस्ताक्षर हुए हैं। 01 जुलाई से नया विधान लागू हुआ है जिसमें कुछ धाराएं बढ़ाई गई हैं, कुछ धाराओं में संशोधन किया गया है और कुछ धाराएं हटाई भी गई है। उन्होंने कहा जिस तरीके से जिला स्तर पर कार्यक्रम किया है, उसी तरीके से हर थाना स्तर पर इस तरह की बैठकें आयोजित कर आमजन को अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा यदि सबसे कम जानकारी होती है तो वह आमजन को होती है, पुलिस ज्यादातर चीजें जानते है, परंतु जो आम नागरिक हैं, उन्हें नहीं पता होता है, कि कौन सी धारा हट गई है, कौन सी धारा में संशोधन हुआ है। समय की मांग भी यही है ये होना चाहिए था। इस तरीके के और भी बहुत से प्रावधान हैं। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा आज मानस भवन में 1 जुलाई से जो नए कानून लागू हुए हैं उस पर एक कार्यक्रम रखा गया, जिसमें शहर के सभी वरिष्ठ गणमान्य नागरिक, न्यायाधीशगण और अधिवक्तागण शामिल हुए। कानूनों में जो नए सकारात्मक बदलाव लाए गए हैं उनको इस कार्यक्रम के माध्यम से डिस्कस किया गया और सभी को बताया गया है कि आने वाले समय में इस प्रकार की और भी प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। महिला और बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिससे उन्हें नए कानूनों में उनके लिए क्या बदलाव है पता लग सके। पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने तीन नए कानून एवं न्याय प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज ने नए कानून के संबंध में विस्तार से अपनी बात रखी। इस अवसर पर प्रिसिंपल जिला एवं सत्र न्यायधीश आनंद कुमार तिवारी, दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत कुमार मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, वनमंडलाधिकारी एम.एस. उइके, नरेन्द्र बजाज, कविता राय, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष श्री भारद्वाज, अधिवक्तागण, प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न सगंठनों के पदाधिकारीगण, पार्षदगण और सम्मानीय मीडियाजन मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे एवं आभार प्रदर्शन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा ने किया।